**भारत सरकार**
**महिला एवं बाल विकास मंत्रालय**
**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न संख्या 4277**
दिनांक 20 दिसम्बर, 2024 को उत्तर के लिए

**नए एडब्ल्यूसी और आंगनवाड़ी-सह-क्रेच केन्द्र**

4277. **श्री के. राधाकृष्णनः**
**डॉ. हेमंत विष्णु सवराः**

क्या **महिला और बाल विकास** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) विगत तीन वर्षों के दौरान खोले गए नए आंगनवाड़ी केन्द्रों का राज्यवार ब्यौरा क्या है; और

(ख) महाराष्ट्र और पालघर जिलों में चल रहे आंगनवाड़ी-सह-क्रेच केन्द्रों का ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**
**महिला एवं बाल विकास राज्य मंत्री**
**(श्रीमती सावित्री ठाकुर)**

**(क)** और **(ख)** प्रधानमंत्री जनमन के अंतर्गत 75 विशेष रूप से कमजोर जनजातीय समूहों (पीवीटीजी) के लक्षित विकास के लिए वर्ष 2025-26 तक तीन वित्तीय वर्षों (एफवाईएस) में निर्मित किए जाने वाले कुल 2500 आंगनवाड़ी केंद्रों में से इस मंत्रालय द्वारा कुल 2139 आंगनवाड़ी केंद्र स्वीकृत/अनुमोदित किए गए हैं जिनमें से 786 वास्तव में प्रचालित किए जा चुके हैं। राज्य-वार ब्यौरा अनुलग्नक में दिया गया है।

उपर्युक्त के अतिरिक्त, पिछले तीन वर्षों में मिशन सक्षम आंगनवाड़ी एवं पोषण 2.0 के अंतर्गत मेघालय राज्य के लिए 266 नए आंगनवाड़ी केंद्रों को मंजूरी दी गई हैं।

महाराष्ट्र राज्य सरकार ने 345 आंगनवाड़ी-सह-शिशुगृह केन्द्रों की स्थापना के लिए प्रस्ताव भेजे हैं, जिनमें से सभी को स्वीकृति दे दी गई है।

*****

**अनुलग्नक**

**"नए आंगनवाड़ी केंद्रों और आंगनवाड़ी सह-शिशुगृह केंद्रों" के संबंध में दिनांक 20.12.2024 के लोकसभा अतारांकित प्रश्न संख्या 4277 के भाग (क) और (ख) के उत्तर में संदर्भित विवरण**

| **क्र. सं.** | **राज्य** | **पीएम-जनमन के अंतर्गत स्वीकृत आंगनवाड़ी केंद्रों की कुल संख्या** | **पीएम-जनमन के तहत कुल संचालित आंगनवाड़ी केंद्र (नए स्वीकृत और पहले से मौजूद दोनों)** |
|---|---|---|---|
| 1 | गुजरात | 67 | 67 |
| 2 | बिहार | 49 | 49 |
| 3 | राजस्थान | 51 | 12 |
| 4 | तमिलनाडु | 34 | 26 |
| 5 | कर्नाटक | 22 | 20 |
| 6 | मणिपुर | 42 | 13 |
| 7 | त्रिपुरा | 141 | 88 |
| 8 | मध्य प्रदेश | 572 | 217 |
| 9 | ओडिशा | 90 | 58 |
| 10 | महाराष्ट्र | 145 | 70 |
| 11 | छत्तीसगढ | 174 | 30 |
| 12 | झारखंड | 386 | 111 |
| 13 | तेलंगाना | 85 | 4 |
| 14 | आंध्र प्रदेश | 266 | 7 |
| 15 | केरल | 7 | 7 |
| 16 | उत्तर प्रदेश | 1 | 1 |
| 17 | उत्तराखंड | 7 | 6 |
| | **कुल** | **2139** | **786** |

********